<u>भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में हिंदी कार्यशाला का आयोजन</u>

भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं हिंदी के प्रचार – प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक 15 दिसंबर 2022 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस हिंदी कार्यशाला में कुल 18 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

हिंदी कार्यशाला में भारतीय खान ब्यूरो कार्यालय के श्री गौरव शर्मा, खनिज अर्थशास्त्री ने 'भारतीय खान ब्यूरो को प्रस्तुत किए जाने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेज' तथा श्री अशोक नायक, प्रबंधक (राजभाषा), भारतीय रिजर्व बैंक, ने 'राजभाषा नीति' एवं श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने 'वर्तनी एवं वाक्य संरचना' विषय पर अपने व्याख्यान दिये।

अपने व्याख्यान में श्री गौरव शर्मा, खनिज अर्थशास्त्री ने ई-ऑफिस व ई-फाइलिंग के बारे में बताते हुए एमएमडीआर और एमसीआर नियम के अंतर्गत किन दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होता है इसकी विस्तार से बताया। श्री अशोक नायक, प्रबंधक (राजभाषा) ने राजभाषा नीति के स्तंभ की जानकारी दी। आगे उन्होंने हिन्दी का इतिहास, उसकी प्रगति व्यापकता, हिन्दी शब्द की उत्पत्ती आदि पर रोचक जानकारी दी। साथ ही संविधान में हिन्दी से संबंधित प्रावधानों की जानकारी देते हुए अनुच्छेद 351 के बारे में विस्तार से बताया।

श्री असीम कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने अपने व्याख्यान में हिन्दी भाषा में शब्दो के प्रकार बताए तथा वर्तनी के अंतर्गत स्वर एवं व्यंजन की जानकारी देते हुए संस्कृत से हिन्दी में सीधे तौर पर आए शब्दो के उपयोग संबंधी बताया एवं मानक वर्तनी की जानकारी दी।

कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने अपनी समस्याओं का निराकरण किया। कार्यशाला के पश्चात प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई। सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की। इस प्रकार हिंदी कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

अंत में श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने सभी उपस्थितों का धन्यवाद दिया।

मैनुअल काम